MUNGER UNIVERSITY मुंगेर विश्वविद्यालय

मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर

प्रशासकीय खंड, शास्त्रीनगर, मुंगेर–811201

पत्रांक सं.– MU-EX-49/659/2026 दिनांक– 15.05.2026

DEPARTMENT OF EXAMINATIONS

सेवा में

सभी प्रधानाचार्य/मूल्यांकन निदेशक/संबंधित शिक्षकगण
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।

विषय– उत्तर–पुस्तिका मूल्यांकन कार्य में परीक्षा अधिनियम वर्णित नियमों के अनुसार अनिवार्य उपस्थिति के संबंध में।

महोदय/महोदया,

परीक्षा समिति की बैठक सं0–06/2026 दिनांक–02/05/2026 के एजेंडा सं0–10 में लिये गये निर्णय के आलोक में सूचित करना है कि परीक्षा सम्पन्न होने के उपरांत उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य हेतु नामित शिक्षक यदि निर्धारित तिथि पर योगदान नहीं करते है अथवा योगदान के पश्चात बिना अनुमति अनुपस्थित रहते हैं, तो उनकी अनुपस्थिति अवधि के अनुरूप नियमानुसार वेतन कटौती की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही साथ निर्णय लिया गया है कि अनुपस्थिति की गणना प्रति दिन 50 उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के मानक के आधार पर कुल मूल्यांकन कार्य दिवसों के अनुसार की जायेगी। अतः सभी संबंधित शिक्षकों को निर्देशित किया जाता है कि मूल्यांकन कार्य में समय पर योगदान सुनिशिचित करें ताकि विश्वविद्यालय का मूल्यांकन एवं परीक्षा परिणाम संबंधी कार्य ससमय सम्पन्न हो सके।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर

ज्ञापांक सं0:–MU-EX-49/659/2026 दिनांक–15.05.2026

प्रतिलिपि प्रेषित,

1. कुलपति एवं कुलसचिव के निजी सहायक, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
2. प्रधानाचार्य/प्रभारी प्राचार्य सभी अंगीभूत एवं संम्बद्ध महाविद्यालय,मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
4. वित्त शाखा, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
5. कुलानुशासक, नोडल पदाधिकारी, जनसम्पर्क पदाधिकारी, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
6. गार्ड फाईल, अभिलेख हेतु।

15/05/2026
परीक्षा नियंत्रक
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर

15/05/26